सुविचार

तकलीफ की सुरंगों से गुजरती है
जब जिंदगी,
तब अपने और सगे सभी हाथ छुड़ा
लेते है।

# अंतर्कथा



खबरों की विश्वसनीयता हमारी पहचान...

अंतर्कथा | वर्ष 26, अंक 28 | Web :- www.antarkatha.com | Youtube:- antarkatha news | रविवार 28 अप्रैल 2024 | पेज- 1


## दुष्कर्म का प्रयास करने के दोषी किशोर को सात साल की सजा


रांची : नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास करने के मामले में जेल में बंद दोषी नाबालिग को स्पेशल चिल्ड्रेन कोर्ट ने सात साल की सजा सुनाई है. साथ ही उसपर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है. जुर्माना नहीं देने पर 6 माह की अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी. दरअसल, अभियुक्त पर नाबालिग को बहला-फुसला कर दुष्कर्म की कोशिश करने का आरोप है. घटना को लेकर पीड़िता के परिजन ने सदर थाने में 9 जून 2020 को केस दर्ज कराई थी. यह भी बता दें कि जिस वक्त आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया था, उस समय उसने अपना उम्र 15 साल बताया था. जिस आधार पर पुलिस ने आरोपी को डुमरदगा स्थित रिमांड होम भेज दिया था. साथ ही मामले की सुनवाई के लिए जुवेनाइल बोर्ड भेज दिया गया था. बाद में आरोपी की उम्र 16 साल से अधिक निकली, जिसके बाद मामले की सुनवाई चिल्ड्रेन कोर्ट में चली थी. मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने 6 गवाहों की गवाही कराई.

## रेलवे ने की 36 घंटे की जांच, 16.45 लाख की वसूली

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : बेटिकट यात्रियों के खिलाफ रेलवे ने 36 घंटे का विशेष जांच अभियान चलाया। यह अभियान गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों के साथ साथ विभिन्न ट्रेनों में चलाया गया। इस दौरान 3203 बेटिकट यात्रियों से 16 लाख 45 हजार 160 रूपए जुर्माना वसूला गया। यात्रियों में बेटिकट, बिना उचित प्राधिकार तथा बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा करने वाले शामिल हैं। वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक के नेतृत्व में चले अभियान में सीटीआई टिकट चेकिंग, विभिन्न सीटीआई, सीआईटी तथा 341 कर्मी शामिल थे।

## नाबालिग बच्चों से कराया जा रहा नशीले पदार्थ की तस्करी, आठ किलो अफीम बरामद




अंतर्कथा प्रतिनिधि

चतरा: नशा कारोबारी इन दिनों अफीम की तस्करी के लिए नाबालिग बच्चों का सहारा ले रहे हैं. शनिवार को चतरा-हजारीबाग मुख्यपथ पर स्थित बलबल मंदिर के समीप बस का इंतजार कर रहे नाबालिग से शक के आधार पर पूछताछ व तलाशी ली गई. तलाशी के दौरान उसके पास से तस्करी में इस्तेमाल सैमसंग कंपनी का एक मोबाइल व आठ किलो अफीम बरामद किया गया. जिसके बाद नाबालिग को निरुद्ध करते हुए विधिवत रूप से किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया. बरामद अफीम की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है. पूछताछ के दौरान नाबालिग ने बताया कि उसे गिद्धौर थाना क्षेत्र के पांडेय टोला निवासी राहुल पांडेय ने अफीम का खेप हजारीबाग पहुंचाने के लिए उपलब्ध कराया था. इसके एवज में उसे मोटी रकम देने की बात कही गई थी.

# सीएम ममता बनर्जी चोटिल

## चुनाव प्रचार के दौरान हेलीकॉप्टर में सीट पर बैठते वक्त गिरीं

अंतर्कथा प्रतिनिधि



कोलकाता : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार (27 अप्रैल) को चुनाव प्रचार के दौरान चोटिल हो गईं. ममता लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर पहुंची थीं, जहां हेलिकॉप्टर पर चढ़ते समय उनके साथ ये हादसा हुआ. तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ममता हेलिकॉप्टर के अंदर ही फिसलकर गिर गईं. बताया गया है कि ममता को इस दुर्घटना में मामूली चोटें आई हैं. इस घटना का वीडियो भी सामने आया है.

दुर्गापुर से आसनसोल जाने के लिए हेलिकॉप्टर ममता का इंतजार कर रहा था. उसके बाहर चढ़ने के लिए सीढ़ियां लगाई गई थीं, जिन पर चढ़ते हुए हेलिकॉप्टर के भीतर बैठना था. ममता इस सीढ़ी पर चढ़कर सवार होने जा रही थीं, लेकिन तभी हेलिकॉप्टर के गेट पर उनका पैर फिसल गया और वह उसके भीतर गिर गईं. सीएम के सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें तुरंत उठाया. इस दुर्घटना में ममता को मामूली चोटें आई हैं. यही वजह रही कि उन्होंने आसनसोल तक का अपना सफर भी पूरा किया.

### पिछले महीने घर पर गिर गई थीं ममता बनर्जी

वहीं, ये पहला मौका नहीं है, जब ममता बनर्जी चोटिल हुई हैं. पिछले महीने 14 मार्च को बंगाल सीएम अपने घर पर गिर गई थीं, जिसकी वजह से उन्हें गंभीर चोट आई थी. ममता के माथे पर चोट लगी थी, जिसकी वजह से खून बहने लगा. टीएमसी की तरफ से ममता की तस्वीरें भी शेयर की गई थीं, जिसमें उनके सिर से बह रहे खून को देखा जा सकता था. ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी और उनके परिवार के सदस्य उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें टांका लगाया.

## दो डॉक्टर समेत छह को किया गया क्वारंटाइन

रांची : शहर के होटवार इलाके में बर्ड फ्लू (एच5 एन1) फैला हुआ है. प्रशासन ने इससे निपटने की पूरी तैयारी कर ली है. प्रभावित इलाका क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र होटवार में है. एहतियात के तौर पर वहां के दो डॉक्टर समेत छह लोगों को क्वारंटाइन किया गया है. कुक्कुट प्रक्षेत्र के आसपास के इलाके को कंटोनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है. प्रक्षेत्र के डॉ गणेश ने बताया कि प्रतिबंधित जोन के एक किमी के रेडियस में मुर्गी, बत्तख और अंडों को जब्त कर नष्ट करने का काम किया जा रहा है. साथ ही लोगों को अलर्ट किया गया है.

# हेमंत सोरेन चाचा के अंतिम संस्कार में नहीं हो सके शामिल, याचिका खारिज

अंतर्कथा प्रतिनिधि



रांची: जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका ईडी कोर्ट ने खारिज कर दी। हेमंत सोरेन ने चाचा राजाराम सोरेन के अंतिम संस्कार और क्रिया-कर्म में शामिल होने के लिए यह याचिका दाखिल की थी, जिस पर सुनवाई के बाद ईडी के स्पेशल जज राजीव रंजन की अदालत में याचिका खारिज कर दी गई। याचिका में हेमंत सोरेन ने कोर्ट से यह आग्रह किया था कि उन्हें चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने की इजाजत दी जाये। इसके साथ उन्होंने कोर्ट से 13 दिनों की अंतरिम जमानत मांगी थी। यहां याद दिला दें कि झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के बड़े भाई राजा राम सोरेन का निधन आज यानी शनिवार की भोर में हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। राजाराम सोरेन का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव रामगढ़ के नेमरा गांव ले जाया गया है।

# लोक अदालत में 856 वादों का निबटारा

अंतर्कथा प्रतिनिधि



धनबाद : धनबाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर शनिवार को सिविल कोर्ट में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया. इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह डालसा की सचिव निताशा बारला ने बताया कि लोक अदालत में कुल 856 वादों का निबटारा किया गया.

इनमें एनआई एक्ट के 122 वादों का निबटारा करते हुए 1 करोड़ 26 लाख 58 हजार 30 रुपए की रिकवरी की गई. वहीं, बिजली से संबंधित 672 वादों का निबटारा किया गया, जिसमें 1 करोड़ 23 लाख 20 हजार 274 रुपए की रिकवरी हुई. जबकि मासिक लोक अदालत में कुल 62 वादों का निबटारा किया गया, जिसमें 8 लाख 48 हजार 150 रुपए की रिकवरी हुई.

# वक्त का हर क्षण और रक्त का हर कण अमूल्य होता है : न्यायाधीश

- सिविल कोर्ट में न्यायाधीशों ने किया रक्तदान

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन सिविल कोर्ट धनबाद स्थित लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल कार्यालय में किया गया ।शिविर में 12 न्यायिक पदाधिकारीयों, आठ अभियोजन पदाधिकारी,लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल के सदस्यों, सिविल कोर्ट कर्मचारीयों, अधिवक्ताओं, डालसा के पारा लिगल वोलेंटियर ने कुल 26 यूनिट रक्त का दान किया।सबसे पहले रक्तदान धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुलदीप मान ने किया जिसके बाद अवर न्यायाधीश निताशा बरला,प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी पूजा पांडे, अपर लोक अभियोजक समित प्रकाश,उनकी पत्नी मिनल प्रकाश, उमेश दीक्षित पुलिस जय कुमार स्वानी,सौरव सरकार, अभिजीत कुमार साधु, पंकज कुमार श्रीवास्तव,श्रीचंद




प्रसाद, संदीप कुमार,अरूण कुमार, रघुनाथ महतो, सुमन पाठक,शैलेन्द्र झा,नीरज गोयल, मुस्कान चोपड़ा,स्वाति कुमारी, हेमराज चौहान,जयदेव बनर्जी, चंदन कुमार,प्रदीप कुमार सिन्हा, शमशेर आलम, अनूप कुमार, अशोक कुमार ने दोपहर बारह बजे तक रक्त दान किया।

इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के अध्यक्ष राम शर्मा ने कहा कि वक्त का हर क्षण और रक्त का हर कण अमूल्य होता है। रक्तदान एक महान कार्य है रक्तदान कर आप किसी की जान बचा सकते हैं सामाजिक कार्यों में इससे श्रेष्ठ कोई दान नहीं होता।वहीं अवर न्यायाधीश नितासा बरला ने कहा कि डालसा मुफ्त कानूनी सहायता के अलावा सामाजिक कार्यों में बढ़कर हिस्सा लेती है और इसी कड़ी में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। मौके पर अवर न्यायालय मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अवर न्यायाधीश एंजेलिना जॉन ,अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी पूनम कुमारी, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी पूनम कुमारी, रजिस्ट्रार अभिनव त्रिपाठी, एसएनएमसीएच के डॉक्टर बी के पांडे , अशोक शर्मा, संजीव कुमार, राजू महतो, शंभू साहनी विष्णुपद कुंभकार, टेक्निशियन, प्रार्थना गुप्ता, प्रियंका कुमारी,प्रेरणा,पैरा लीगल वोलेंटियर राजेश सिंह, समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम चन्द्र रजक ने जदयू की सदस्यता ली...

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : कतरास, श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में जदयू पार्टी का मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। इस दौरान तोपचांची प्रखंड के रामाकुंडा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम चन्द्र रजक ने जदयू के सर्वमान्य नेता नितीश कुमार और खीरु महतो में आस्था व्यक्त करते हुए दीप नारायण सिंह की उपस्थित में जदयू पार्टी में शामिल हुआ। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने पार्टी में शामिल होने वाले सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम चन्द्र रजक को सदस्यता रसीद दे कर पार्टी में




शामिल किया और बधाई दी । इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने कहा कि तोपचांची प्रखंड के सामाजिक कार्यकर्ता प्रतिदिन जदयू पार्टी की सदस्यता ले कर पार्टी से जुड़ रहे हैं। इससे पार्टी तोपचांची प्रखंड में मजबूत होगी।और इसका लाभ आगामी लोकसभा चुनाव में एनडीए को मिलेगी। इस अवसर जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के धनबाद जिला अध्यक्ष इम्तियाज खान, जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ धनबाद जिला महासचिव अशोक कुमार दास, जदयू रामाकुंडा पंचायत अध्यक्ष महेन्द्र मोहली, अमल गोप, घनश्याम ठाकुर, सुभाष सिंह, प्रिंस कुमार, आदि उपस्थित हुए।

## स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए 63 एसएसटी का गठन

- 29 अप्रैल को की जाएगी अधिसूचना जारी

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद: जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए 63 स्टैटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) का गठन किया है। इसमें धनबाद, झरिया व बाघमारा में 12 - 12 तथा सिंदरी, निरसा एवं टुंडी विधानसभा क्षेत्र में 9 - 9 टीम तीन शिफ्ट में चौबीसों घंटे कार्यरत रहेगी। एसएसटी टीम अपने क्षेत्र में अवैद्य शराब, रिश्वत की वस्तु, भारी मात्रा में नगदी, हथियार एवं गोला-बारूद को लाने एवं ले जाने तथा असामाजिक



तत्वों की आवाजाही पर नजर रखेगी। वहीं जांच की सम्पूर्ण प्रक्रिया की विडियोग्राफी विडीयो सर्विलांस टीम (वीएसटी) करेगी। एसएसटी के वरीय प्रभार में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद व अनुमंडल पदाधिकारी श्री उदय रजक नोडल पदाधिकारी रहेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि धनबाद में 29 अप्रैल 2024 को अधिसूचना जारी की जाएगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 मई, 7 मई को नामांकन पत्रों की स्क्रुटनी तथा 9 मई को नाम वापस लेने की अंतिम तिथि रहेगी। 25 मई 2024 को मतदान, 4 जून को मतगणना तथा 6 जून 2024 को चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

### धनबाद में अनुपमा सिंह ने ढुल्लू महतो पर साधा निशाना, कहा :

# संसद जाने का ख्वाब देख रहे ढुल्लू महतो किसी आम व्यक्ति के घर के ड्राइंग रूम में बैठने लायक भी नहीं

- 'धनबाद में बीजेपी ने सत्ता की मलाई चखी, लेकिन अफसोस आज तक जनता के हित में कोई भी काम नहीं किया

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : धनबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने अपने प्रतिद्वंदी व बीजेपी उम्मीदवार ढुल्लू महतो पर जमकर निशाना साधा है।

अनुपमा ने कहा, "संसद जाने का ख्वाब देख रहे ढुल्लू महतो किसी आम व्यक्ति के घर के ड्राइंग रूम में बैठने लायक भी





नहीं हैं। वह तो कभी ढुल्लू महतो जैसे चरित्र को देखना भी नहीं पसंद करेंगी। मेरा चुनाव लड़ने का निर्णय सिर्फ ढुल्लू महतो जैसे चरित्र को रोकने के लिए है। ढुल्लू महतो अनुपमा सिंह के लिए कोई भी चुनौती नहीं है।" अनुपमा ने बीजेपी को भी आड़े हाथों लिया।

उन्होंने कहा, "इतने सालों से धनबाद में बीजेपी ने सत्ता की मलाई चखी, लेकिन अफसोस आज तक जनता के हित में कोई भी काम नहीं किया।"

उन्होंने कहा, "धनबाद के लोगों की बेबसी का अंदाजा आप महज इसी से लगा सकते हैं कि ना ही यहां सुचारू सड़क की व्यवस्था है और ना ही मूलभूत चिकित्सकीय जरूरतों को पूरा करने के लिए कोई अच्छा अस्पताल है। जनता के हित से जुड़े कई मुद्दे आज भी ठंडे बस्ते में पड़े हैं।"

अनुपमा का दावा है कि उन्हें धनबाद के लोगों का अपार प्यार और समर्थन मिल रहा है। उन्हें विश्वास है कि इस चुनाव में वो जीत का पताका फहराकर रहेंगी। उन्होंने कहा, "पिछले 70 वर्षों में कांग्रेस ने जो काम किया, उसे बीजेपी ने चंद वर्षों में बर्बाद कर दिया है। जनता का जीना मुहाल हो चुका है।"

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने धनबाद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण

## वल्नरेबल मतदाताओं से वार्ता कर बिना किसी डर, दबाव प्रलोभन के अपने मत का प्रयोग करने की अपील

- **निरीक्षण के दौरान कुछ बूथों में एएमएफ की व्यवस्था सुदृढ़ करने के दिए निर्देश**

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने आज धनबाद लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ पर एएमएफ की व्यवस्थाओं की जानकारी संबंधित एआरओ से प्राप्त की। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने धनबाद विधानसभा क्षेत्र स्थित पांडरपाला के बूथ नंबर 58,59,60 एवं 61 टुंडी विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 71, 368 एवं 369 एवं बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 280 एवं 268 का निरीक्षण कर एएमएफ की व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जिन-



जिन बूथ में एएमएफ की व्यवस्था में कमी नजर आई वैसे बूथों के पदाधिकारी को ससमय पीने योग्य पानी, शौचालय, बिजली, रैंप, शेड आदि की व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान वल्नरेबल बूथ के मतदाताओं से वार्ता की और कहा कि लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करें तभी लोकतंत्र मजबूत होगा। निर्भीक होकर मतदान करें, किसी के बहकावे में न आएं। जिला प्रशासन एवं पुलिस आप सभी के साथ हैं, इसलिए बिना किसी डर, दबाव, प्रलोभन के अपने मत का प्रयोग करें।

मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा, डीसीएलआर श्री संतोष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी श्री उदय रजक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री सुनिल कुमार सिंह संबंधित क्षेत्र के बीडीओ, समेत बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर मौजूद रहे।

# समाजसेवी स्व0 आशीष मिश्रा की मनाई गई तृतीय पुण्यतिथि



- **स्व0 मिश्रा के द्वारा किए गए कार्यों को हमेशा याद रखा जायेगा - शंकर रवानी**

अंतर्कथा प्रतिनिधि

महुदा: जिला साक्षरता वाहिनी धनबाद के सदस्य, स्वास्थ्य कर्मी एवं पंचायत समिति सदस्य स्व0 आशीष मिश्रा की तृतीय पुण्यतिथि पी0 के0 मिश्रा मध्य विद्यालय बेलाखोंदा में मनाई गई। स्व0 मिश्रा की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। बाल कल्याण समिति बोकारो के अध्यक्ष शंकर रवानी ने कहा कि स्व0 मिश्र के द्वारा किए गए साक्षरता, स्वास्थ्य एवं सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ किये गये कार्यों को जनता हमेशा याद रखेगी। स्व0 मिश्रा एक कुशल सामाजिक कार्यकर्ता थे। उनके पद चिह्नों पर चल कर ही सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। मौके पर उनकी धर्मपत्नी रेखा, प्रखण्ड साक्षरता समन्वयक भागीरथ सिंह, बिनोद महतो, मुमताज अंसारी, राधु राय, ऐनुल अंसारी, विष्णु गयाली, नईमुद्दीन अंसारी, अजीत रवानी, नीरज कुमार मिश्रा, गणेश रवानी, राजेंद्र बाउरी, दीपक सरक, सुरेश रवानी, बालेश्वर, रीना, रूपाली, पुनम, सुनैना, मंगला आदि उपस्थित थे।

# सदियों से चली आ रही पुरखों की परंपरा को बचाए रखना युवाओं का कर्त्तव्य : रतिलाल



अंतर्कथा प्रतिनिधि

टुंडी: टुंडी प्रखंड के सबसे ऊंचे पहाड़ दो मुंडा में सेंदरा पूजा का आयोजन किया गया। 50 गांव के ग्राम प्रधान मांझी हड़ाम ने भाग लिया। दो मुंडा गांव के पुजारी (नाइकी हड़ाम) रविलाल सोरेन ने बताया कि यह तीन दिवसीय पूजा अर्चना सदियों से चली आ रही है। यहां पहाड़ी तराई गांव में जंगली जानवरों से सुरक्षा व विभिन्न पेड़ों पर नये पत्ते उगने की खुशी में की जाती है। सभी लोग पहाड़ चढ़ कर सेंदरा परंपरा का निर्वहन करते हैं। यहां विराजमान देवी देवताओं को पूरी निष्ठा के साथ श्रद्धा भाव से पूजन किया जाता है। इस अवसर आदिवासी पर नृत्य-संगीत की विशेष आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो के वरिष्ठ नेता सह पूर्व अध्यक्ष रतिलाल टुडू ने युवाओं का हौसला बढाते हुए कहा सदियों से चली आ रही परंपरा को बचायें रखना युवा पीढ़ी का कर्त्तव्य है। मौके पर रमेश टुडू, जिप प्रतिनिधि गुरुचरण बास्की के अलावे हाराधन मराण्डी, लखीन्द्र हांसदा, मंगल मुर्मू, पवन बास्की, महादेव मराण्डी, रविलाल किस्कू, जलेश्वर टुडू, जिसु मुर्मू, गिरिश हांसदा, शिवम मुर्मू, कलेश्वर मुर्मू आदि मौजूद थे।

# भाजपा लोकसभा प्रत्याशी दुल्लू महतो ने किया इंदु आउटसोर्सिंग का उद्घाटन

अंतर्कथा प्रतिनिधि

पुटकी। बीसीसीएल के डब्ल्यूजे एरिया मुनीडीह के अधीनस्थ कार्यरत इंदु आउटसोर्सिंग कंपनी के 15 नम्बर बंद सीम ( इंक्लाइन ) शनिवार को पुनः शुरू हो गया। जिसका उद्घाटन शनिवार को यूनाटेड कोल वर्कस यूनियन ( एटक ) के केंद्रीय सचिव सह धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो ने नारियल फोड़ कर किया। उद्घाटन के दौरान सैकड़ों की संख्या में मजदूर मौजद थे। मौके पर श्री महतो ने कहा कि मजदूरों की एकता की जीत हुई।

विदित हो कि 25 जनवरी 2024



से 15 नम्बर सीम ( इंक्लाइन ) बंद होने से करीब 400 ठेका मजदूर काम से बैठ गए थें। जिसके पश्चात ढुलू महतो के संपर्क कर मजदूरों द्वारा 29 जनवरी से मुनीडीह के मेन गेट के समक्ष धरना पर बैठ गए थें। जिसके बाद कोयला भवन में बीसीसीएल के उच्च अधिकारियों एवं विभिन्न यूनियन प्रतिनिधियों से सम्मानजनक वार्ता के पश्चात 21 मार्च को मजदूरों ने आंदोलन समाप्त किया था।

उद्घाटन के मौके पर इंदु कंपनी के वाईस प्रेसीडेंट सोमेन चटर्जी, जीएम प्रमोद कुमार, एचआर सुरेश अमूलवर के अलावे मजदूरों में चक्रधर महतो ( मुखिया ), अजित सिंह, अरुण महतो, दिनेश सिंह, दीपक महतो, पंकज सिंह, उमेश महतो, राहुल सिंह,बबलू महतो,राकेश वाईस प्रेजिडेंट इंदु आउटसोर्सिंग कंपनी के सोमेन चटर्जी ने बताया कि शनिवार को विधिवत उद्घाटन हो गया है. सोमवार से काम करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगा. करीब एक महीने के अंदर इंक्लाइन को फूल फेज में चालू कर लिया जाएगा. सभी पुराने वर्कर प्राथमिकता के तौर पर बहाल होंगे -- सोमेन चटर्जी वाईस प्रेजिडेंट इंदु आउटसोर्सिंग कंपनी।

# निजी स्कूल के वाहन से जा रहे बारातियों से भरी मैजिक पलटा से आधा दर्जनभर लोग घायल

अंतर्कथा प्रतिनिधि



जमुई झाझा-: शनिवार की सुबह बांका जिला अंतर्गत सूईया से बारात लौट रहा दर्जनों बारातियों से भरी एक मैजिक वाहन झाझा थानाक्षेत्र के करहरा बोड़वा मुख्य मार्ग स्थित दुअरपहड़ी के पास पलट जाने से उसपर सवार आधा दर्जनभर बाराती घायल हो गया। सड़क पर घायल अवस्था में गिरे पड़े सभी लोगों को देखकर स्थानीय लोगों ने डायल 112 की पुलिस को सूचना दिया। जिसके बाद डायल 112 की पुलिस टीम मौके स्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल झाझा लाकर भर्ती करवाया गया। जहां डॉक्टर बीके राय, डॉ सदाब अहमद, डॉ. कविन्द्र ने सभी घायल बारातियों का प्राथमिक उपचार किया। घायल सभी लोगों की स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया। घायल की पहचान गिद्धौर थानाक्षेत्र अंर्तगत जलघोड़वा गांव के रहने वाले सचिन कुमार, जागो यादव, प्रेम कुमार, नीतीश कुमार, सतगामा जमुई के अजित कुमार, मलयपुर थानाक्षेत्र कटौना गांव के किशोरी यादव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि जिस मैजिक वाहन में सभी लोग सवार थे वे स्कूली की वाहन था और दुअरपहड़ी के पास चालक को नींद लग गया जिससे वाहन अनियन्त्रित होकर सड़क किनारे पलट गई।

घायलों ने बताया कि हमलोग गिद्धौर थानाक्षेत्र अंर्तगत जलघोड़वा गांव के रहने वाले उमेश यादव का पुत्र राजो यादव का बारात सूईया गये थे और शनिवार की अहले सुबह वापस जलघोड़वा के लिए लौट रहे थे। चालक अपनी वाहन को तेज गति से चला रहा था और अचानक दुअरपहड़ी के पास वाहन पलट गया। घटना के बाद मौके स्थल से चालक फरार हो गया। घटना की जानकारी सभी घायलों के परिजनों के मिलने पर सभी लोग अस्पताल पहुंच गया। घायल के परिजनों ने आशंका जताई कि चालक जल्दी से बारात को गांव पहुंचाकर फिर वह स्कूली बच्चों को ढोने वाला था और इसी चक्कर में चालक अपना नियंत्रण खो बैठा होगा।

## सार्वजनिक पेयजल काउंटर नही रहने पर नप ईओ ने कहा कि जल्द ही जगह जगह लगाया जाएगा

अंतर्कथा प्रतिनिधि

जमुई झाझा- :भीषण गर्मी का प्रकोप बढते जा रहा है दिन प्रतिदिन तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में लोगों के लिए पेयजल की संकट भी गहराते जा रहा है। नगर क्षेत्र स्थित बाजार या अन्य कई स्थलों पर पेयजल की सुविधा न होने पर राहगीरों को मजबूरन जेब ढीली करके पानी का बोतल खरीदने को मजबूर है। पिछले वर्ष रेलवे स्टेशन, बसस्टैंड, सोहजाना मोड़ सहित आधा दर्जनभर से अधिक स्थलों पर नप कार्यालय की ओर से सार्वजनिक पेयजल काउंटर लगाया था जिससे लोगों को काफी सहुलियत हुई और राहगीरों को पेयजल के लिए इधर उधर भटकना नही पड़ता था साथ ही उसकी जेब ढीली भी नही होती थी लेकिन इस बार अप्रैल माह के समाप्ति तक नप कार्यालय की ओर से जगह जगह सार्वजनिक पेयजल काउंटर नही लग सका है। कुछ लोगों ने बताया कि सार्वजनिक पेयजल काउंटर लग जाने से लोगों को इसका लाभ मिलता था। इस संदर्भ में नप कार्यपालक पदाधिकारी नीलम स्वेता से पूछे जाने पर उन्होनें बताया कि पिछले वर्ष जितने स्थल पर पेयजल काउंटर लगा हुआ था उतने स्थल पर फिर से जल्द ही सार्वजनिक पेयजल काउंटर लगाया जाएगा इसको लेकर पहल किया जा रहा है।

## लोकसभा प्रत्यासी अनुपमा सिंह ने पुटकी में किया सघन दौरा




अंतर्कथा प्रतिनिधि

पुटकी। इंडी गठबंधन धनबाद लोकसभा प्रत्यासी अनुपमा सिंह ने शनिवार को पुटकी 2 नंबर स्थित बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुटकी,भागाबांध सहित अन्य क्षेत्रों में सघन दौरा प्रारंभ किया। वहीं पुटकी पंहुचने पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष क्यूम खान के नेतृत्व के उनका स्वागत किया। मौके पर पूर्व प्रमुख भानुप्रताप,गुड्डू खान, अक्षयवर प्रसाद,पप्पू कुमार पासवान, राजू अंसारी, रामविलास राम, रामनाथ सिंह,मो वसीम व अन्य थे।

## स्वामी विवेकानंद नगर पुटकी में 3 लाख कि चोरी

**सियालगुदरी पंचायत के वार्ड मेम्बर के घर से 3 लाख कि चोरी**



अंतर्कथा प्रतिनिधि

पुटकी। पुटकी थाना क्षेत्र के स्वामी विवेकानंद नगर पुटकी में शुक्रवार की देर रात चोरों ने ठेकेदार राजनंदन रजक उर्फ शेरू के घर से 3 लाख रूपये नकद चोरी की घटना को अंजाम दिया। भुक्तभोगी शेरू ने बताया कि रात करीब 12 बजे दरवाजा के बाहर पंखा लगाकर दरवाजा को खुला रखकर पत्नी और बच्चों के साथ सभी एक ही कमरा में सो गए। सुबह जब पत्नी उठी तो बगल के कमरे का अलमीरा खुला था एवं लोहे का एक बॉक्स का ताला टुटा था। दोनों में लगभग 3 लाख रुपए थे। जिनमे से शुक्रवार को ही लाभुक समिति के भुगतान का 90 हजार बैंक से निकाल कर घर पर लाया था। वहीं भुक्तभोगी शेरू रजक ने आशंका व्यक्त किया चोरों ने बेहोशी का स्प्रे कर सभी को बेहोश कर घटना को अंजाम दिया। शेरू सियालगुदरी पंचायत के वार्ड मेम्बर भी है।

## बाइक से गिरने से लड़का की मौत बाइक मोड़ने के दौरान हुआ हुआ हादसा ,परिजनों में मचा कोहराम

अंतर्कथा प्रतिनिधि



जमुई झाझा-: बाइक से गिरकर एक नाबालिग लड़का की मौत हो गई। घटना झाझा दादपुर एनएच 333 स्थित दादपुर मोड़ के पास हुई है। मृतक की पहचान दादपुर गांव के रहने वाले विनोद साह का 15 वर्षीय पुत्र दादर कुमार के रूप में हुई है।

जिस वक्त लड़का बाइक से गिरा था उस वक्त की उसकी मौत हो गई थी लेकिन परिजनों ने जिंदा समझकर उसे पहले निजी अस्पताल ले गया जहां से फिर उसे रेफरल अस्पताल लाया गया। रेफरल अस्पताल में डॉक्टर ने घायल को देखने एवं जांच करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक लड़के के परिजनों ने डॉक्टर द्वारा मृत किए जाने को संतुष्ट नही माना और फिर उसे जमुई ले गया। मृतक के पिता ने बताया कि दादर घर के पास ही बाइक चला रहा था और अचानक बाइक मोड़ने के दौरान वह बाइक से गिरकर घायल हो गया जिसके बाद हमलोगों ने पहले निजी अस्पताल और उसके बाद फिर सरकारी अस्पताल लाया। डॉक्टर के द्वारा मृत घोषित किए जाने के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

## अंतरजातीय विवाह कर एक दूजे के हुए राहुल व खुशबु



अंतर्कथा प्रतिनिधि

पुटकी। मुनीडीह बाजार स्थित शिव मंदिर में शनिवार को एक प्रेमी जोड़े ने हिन्दू रीति रीवाज से शादी कर ली। प्रेमी मुनीडीह शास्त्री नगर निवासी कृष्णा पासवान के 24 वर्षीय पुत्र राहुल पासवान एवं चिप हाउस निवासी विश्वनाथ दास कि 18 वर्षीय पुत्री खुशबू कुमारी के बीच पिछले कई माह से प्रेम प्रसंग चल रहा था। शादी के दौरान जंहा प्रेमिका के स्वजन मौजूद थे तो प्रेमी के घर से कोई भी वँहा उपस्थित नही था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक विनोद आनंद (विनोद कुमार मंडल) के लिए सहयोग प्रिंटर्स एंड पब्लिकेशन, रतनपुर, पो-गोविन्दपुर, जिला - धनबाद, झारखंड, पिन- 828109 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक-'विनोद आनंद, कार्यालय-रतनपुर, पो गोविन्दपुर, जिला-धनबाद, झारखंड - 828109, (पी आर बी के तहत खबर चयन के लिए जिम्मेवार), आरएनआई पंजीयन संख्या 68458/98